Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to provide medical facilities to workers engaged in Beadi Industry in Jangipur Parliamentary Constituency, West Bengal.

श्री खलीलुर रहमान (जंगीपुर) : सर, हमारा जंगीपुर लोक सभा एरिया बीड़ी मजदूरों का एरिया है । वहां पर कोई दूसरा काम नहीं है । सेंट्रल गवर्नमेंट को बीड़ी से जो एक्साइज ड्यूटी मिल रही थी, उसमें लेबर वेलफेयर सेस भी था । बीड़ी मजदूर को देखते हुए सेंट्रल गवर्नमेंट ने तारापुर में एक सेंट्रल हॉस्पिटल खोला, जो कि मुर्शिदाबाद, जंगीपुर एरिया में है । वह आठ डॉक्टर्स, एक्स-रे, ईसीजी लैब और साथ में मुफ्त फार्मेसी के साथ हॉस्पिटल चालू हुआ था ।

सर, दुख की बात है कि आज के दिन सिर्फ दो डॉक्टर्स हैं और एक्स-रे में टेक्निशियन है, लेकिन रेडियोलॉजिस्ट नहीं है । वहां ईसीजी खराब है । जो मुफ्त फार्मेसी है, उसमें आधी दवाईयां भी नहीं मिलती हैं । मेरी आपके माध्यम से केंद्र सरकार से मांग है कि उन सभी गरीब बीड़ी मजदूरों के लिए जल्द से जल्द डॉक्टर्स बढ़ाए जाएं और फार्मेसी में सारी दवाइयां मिले तथा लैब टेक्निशियन वाला काम ठीक किया जाए ।